राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–5, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715538, E-mail: rcse.ict@gmail.com

क्रमांक : रामाशिप/जय/Gen./2019/10916 दिनांकः 21 / 1 /2019

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान,
समस्त जिले।

विषयः– उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों हेतु आईसीटी कार्यक्रम की वार्षिक कार्य योजना 2019–20 के क्रम में।
संदर्भः– समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्य योजना।

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि आईसीटी कार्यक्रम के विस्तार हेतु सत्र 2019–20 की कार्य योजना निर्माण के क्रम में जिलों से निम्न प्रारूप में सात दिवस में विद्यालयवार सूचना तैयार करवाकर rcse.ict@gmail.com पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे :–

1. **उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु आईसीटी कार्यक्रम** :– 35 उत्कृष्ट विद्यालयों का चयन जहाँ कल्प कार्यक्रम संचालित ना हो, विद्युत कनेक्शन उपलब्ध हो, विद्यालय में पर्याप्त नामांकन (नामांकन 100 से अधिक) एवं विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा–कक्ष उपलब्ध इत्यादि का चयन किया जाना है। उत्कृष्ठ प्रथम एवं द्वितीय चरण के विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब पूर्ण होने के पश्चात् बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्राथमिकता दी जावें। इस संबंध में सभी ब्लॉकों से विद्यालयों का चयन समानुपातिक किया जाकर निम्न प्रारूप में सूचना उपलब्ध करावें :– **(Annexure-I)**

क्र. सं.	ब्लॉक का नाम	विद्यालय का नाम	यू–डाइस कोड	उत्कृष्ठ फेज I & II/बालिका उ.प्रा.वि /उ.प्रा.वि	विद्यालय का नामांकन	अतिरिक्त कक्षा–कक्ष (हाँ/नही)	विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता (हाँ/नही)
1	2	3	4	5	6	7	8

2. **माध्यमिक/उच्च विद्यालयों हेतु आईसीटी कार्यक्रम** :– आदर्श विद्यालयों का चयन जहाँ आईसीटी कार्यक्रम संचालित ना हो, विद्युत कनेक्शन उपलब्ध हो, विद्यालय में पर्याप्त नामांकन (कक्षा 6 से 12 का नामांकन 100 से अधिक) एवं विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा–कक्ष उपलब्ध इत्यादि का चयन किया जाना है। आदर्श प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब पूर्ण होने के पश्चात् बालिका माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों को प्राथमिकता दी जावें। इस संबंध में सभी ब्लॉकों से विद्यालयों का चयन समानुपातिक किया जाकर निम्न प्रारूप में सूचना उपलब्ध करावें :– **(Annexure-II)**

क्र. सं.	ब्लॉक का नाम	विद्यालय का नाम	यू–डाइस कोड	आदर्श फेज I, II & III /बालिका मा./उ.मा.वि	विद्यालय का नामांकन	कम्प्यूटर कक्ष/अतिरिक्त कक्षा–कक्ष (हाँ/नही)	विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता (हाँ/नही)
1	2	3	4	5	6	7	8

www.rajteachers.com

(आभा बेनीवाल)
उपायुक्त–तृतीय

क्रमांक : रामाशिप/जय/Gen./2019/10917 दिनांकः21 / 1 /2019
प्रतिलिपिः – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
2. निजी सहायक, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान को देकर लेख है कि उपरोक्तानुसार सात दिवस में विद्यालयवार सूचना तैयार करवाकर rcse.ict@gmail.com पर भिजवाना सुनिश्चित करें।
5. रक्षित पत्रावली।

उपायुक्त–तृतीय